5 April 2024 Rajasthan Current Affairs in Hindi

Q1. पर्यटन विभाग द्वारा कोटा की पहली ग्रामीण पर्यटन इकाई कहाँ तैयार की गई है?

(a) कैथुन

(b) डाबरी

(c) सांगोद

(d) किशोरपुरा

Answer: B

- पर्यटन विभाग द्वारा कोटा की पहली ग्रामीण पर्यटन इकाई डाबरी में तैयार की गई है। 65 बीघा जमीन में यह डेस्टिनेशन तैयार हुआ है, जिसमें अमेरिका, फ्रांस समेत अन्य यूरोपीय देशों के पर्यटक आने लगे हैं।
- इसमें एक स्विमिंग पूल है, आस-पास अमरूद, संतरे और बांस के कई पौधे हैं। यहां पत्थरों से बनी चार झोपड़ियां हैं, जो हाड़ौती गांव की वास्तुकला का परिचय देती हैं।

Q2. केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार आयकर रिटर्न दाखिल करने में राजस्थान का कौन-सा स्थान है?

(a) तीसरा

(b) पाँचवाँ

(c) चौथा

(d) पहला

Answer: C

Q3. राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा उदयपुर में मेवाड़ महोत्सव का आयोजन कब किया जाएगा?

(a) 11 से 13 अप्रैल, 2024

(b) 13 से 16 मई, 2024

MYRPSC.IN

(c) 16 से 19 अप्रैल, 2024

(d) 11 से 13 मई, 2024

Answer: A

- राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा 11 से 13 अप्रैल तक उदयपुर में मेवाड़ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।
- पर्यटन विभाग के अनुसार इस साल महोत्सव में विशेष तौर पर मूक-बधिर व अनाथ बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। वे मेवाड़ फेस्टिवल के तहत राजस्थानी डांस-गाने और पेंटिंग की प्रस्तुति देंगे।

Q4. हाल ही में जारी इंडिया रोजगार रिपोर्ट 2024 के अनुसार रोजगार सूचकांक में राजस्थान का कौन-सा स्थान है?

(a) पहला

(b) तीसरा

(c) चौथा

(d) छठा

Answer: D

Q5. हाल ही में जारी ताजा पोषण ट्रेकर रिपोर्ट के अनुसार सर्वाधिक कुषोषित बच्चे किस जिले में हैं?

(a) उदयपुर

(b) बाड़मेर

(c) जैसलमेर

(d) श्रीगंगानगर

Answer: A

Q6. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 29वें राष्ट्रीय दिवस पर किस एयरपोर्ट को 'कस्टमर सेटिस्फेक्शन अवॉर्ड' से नवाज़ा गया है?

(a) सांगानेर एयरपोर्ट, जयपुर

(b) किशनगढ़ एयरपोर्ट, अजमेर

MYRPSC.IN

(c) महाराणा प्रताप एयरपोर्ट, उदयपुर

(d) रातानाडा एयरपोर्ट, जोधपुर

Answer: C

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 29वें राष्ट्रीय दिवस पर डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट को ग्राहक संतुष्टि पर देश में दूसरा स्थान दिया गया है।

Q7. जम्मू में आयोजित खेलो इंडिया वुशु लीग में किस खिलाड़ी ने रजत पदक जीता है?

(a) रिया मिश्रा

(b) पायल भाटी

(c) ईशिता चौधरी

(d) छवि चौधरी

Answer: B

- जम्मू में आयोजित खेलो इंडिया वुशु लीग में पायल भाटी ने रजत पदक जीता है। खेलो इंडिया वुशु लीग का आयोजन भगवती नगर के इंडोर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, जम्मू में 26 मार्च से31 मार्च तक किया गया।

MYRPSC.IN